**BRAMPTON** **Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

**सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने बुजुर्गों की सहायता के लिए एक**
**नई ऑनलाईन डायरेक्टरी पेश की है**

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (21 अप्रैल, 2022) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने, ब्रैम्पटन के उम्र-अनुकूलित विजन को आगे बढ़ाने और कम्युनिटी संबंधों को अधिक मजबूत करने में मदद के लिए, एक नए ऑनलाइन संसाधन की शुरूआत की है। नई सीनियर्स रिसोर्स डायरेक्टरी, बुजुर्गों और देखभालकर्ताओं के लिए संसाधनों और सेवाओं तक पहुंच को बढ़ाने में मदद के लिए, एक ऑनलाइन टूल है।

डायरेक्टरी में उपलब्ध कुछ संसाधनों में शामिल हैं:

- घरेलू और सामाजिक सहायता
- ट्रांसपोर्टेशन
- स्वास्थ्य और तंदरुस्ती
- आर्थिक और सुलभता सहायता
- मानसिक स्वास्थ्य
- न्यूकमर सहायता

मार्च 2021 में, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइज़ेशन (डब्लयू.एच.ओ.) World Health Organization (WHO) के ग्लोबल नेटवर्क फॉर एज-फ्रेंडली सिटीज एंड कम्युनिटीज (Global Network for Age-friendly Cities and Communities) की मेम्बर बनी थी। इस नेटवर्क के मेम्बर, डब्लयू.एच.ओ. के उम्र-अनुकूलित दृष्टिकोण के मूल्यों और सिद्धांतों को साझा और उनका प्रचार करते हैं, उम्र-अनुकूलित पर्यावरण पैदा करने के लिए प्रतिबद्धता निभाते हैं और नेटवर्क में सक्रिय तौर पर हिस्सा लेने के लिए सहमति देते हैं।

सीनियर्स रिसोर्स डायरेक्टरी, ब्रैम्पटन की बुजुर्ग आबादी को सामाजिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगी, सामाजिक अलगाव की पहचान करेगी और जानकारी और संचार प्रदान करेगी। साथ ही यह, ब्रैम्पटन के एज-फ्रेंडली स्ट्रैटजी एंड एक्शन प्लान (Age-Friendly Strategy and Action Plan) में दी गई सभी आइटमों के लिए संसाधन प्रदान करके, बुजुर्गों की हिमायत में मदद करती है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को, सफलतापूर्वक डायरेक्टरी बनाने में सहायता के लिए, कैनेडा सरकार के न्यू होरिज़ोन्स फॉर सीनियर्स (New Horizons for Seniors) प्रोग्राम से, 20,575 डॉलर की ग्रांट फंडिंग मिली है।

ऐसे समय में, जब कम्युनिटी कोविड-19 (COVID-19) महामारी के प्रभावों से लगातार बाहर निकल रही है, नई सीनियर्स रिसोर्स डायरेक्टरी ब्रैम्पटन के बुजुर्गों के लिए संबंधों को मजबूत बनाने और सामाजिक भागीदारी के अवसरों में सहायता करेगी। साथ ही, यह

उन्हें, उपलब्ध सहायता सेवाओं और कम्युनिटी संबंधी महत्वपूर्ण संपर्कों के बारे में जानकारी तक आसान पहुंच प्रदान करेगी।

सीनियर्स रिसोर्स डायरेक्टरी के बारे में अधिक जानकारी के लिए, brampton.ca/agefriendly पर जाएं।

जो निवासी, डायरेक्टरी में पाई जाने वाली कोई भी जानकारी किसी अन्य फॉरमैट में प्राप्त करना चाहते हैं, वे agefriendly@brampton.ca पर ईमेल भेज सकते हैं।

**हवाले**

“2006 में, ब्रैम्पटन 65 वर्ष और इससे अधिक उम्र के लगभग 34,000 बुजुर्गों का घर था। 2016 तक, यह संख्या बढ़कर 66,000 हो गई। ब्रैम्पटन में बहुत ही शानदार बुजुर्ग हैं, जिनके योगदान हमारे शहर को लगातार मजबूत बनाते हैं। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कम्युनिटी के साथ शामिल होने और हमारे बुजुर्गों की ज़िंदगियों में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। नई सीनियर्स रिसोर्स डायरेक्टरी, हमारी बुजुर्ग आबादी को महत्वपूर्ण संबंध बनाने और फलने-फूलने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करेगी।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन एक स्वस्थ और सुरक्षित शहर है; ऐसा शहर, जहां हमारे बुजुर्गों की कद्र होती है, उनकी हिमायत की जाती है और वे कम्युनिटी में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। व्यापक कम्युनिटी भागीदारी के द्वारा, हमने हमारे बुजुर्गों को ब्रैम्पटन-विशेष जानकारी प्रदान करने के लिए नई सीनियर्स रिसोर्स डायरेक्टरी बनाई है, जब हम लगातार हर किसी के लिए एक बेहतर ब्रैम्पटन बना रहे हैं।”

- *मार्टिन मेडेइरोस (Martin Medeiros), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 3 और 4; चेयर, प्लानिंग एंड डिवेल्पमेंट, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“2006 और 2016 के बीच में, ब्रैम्पटन की बुजुर्ग आबादी 196 प्रतिशत तक बढ़ गई और यह वृद्धि जारी है। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, उम्र-अनुकूलित शहर बनाने और ऐसे टूल्स तथा संसाधन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनकी हमारी बुजुर्ग आबादी को अपने बुढ़ापे में संपन्न होने के लिए जरूरत है।”

- *पॉल मोरिसन (Paul Morrison), इंटरिम चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**Media Release**

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca